खबर संक्षेप

दो बकायादारों को कुर्की पूर्व सूचना वारंट जारी

मण्डला। शनिवार को न्यायालय तहसीलदार मण्डला के द्वारा तहसील मण्डला अंतर्गत स्थित संपत्ति का भू-राजस्व पंचायत उपकर शाला उपकर डायवर्सन भू-भाटक की राशि के दो बकायेदारों को संपत्ति कुर्की पूर्व सूचना वारंट जारी किया गया है। म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 अंतर्गत धारा 147-क एवं 147 (ख) 147 (ख-ख) 147 (ख-ख-ख) एवं 147 (ग) में निहित प्रावधानों के तहत संपत्ति कुर्क किये जाने के पूर्व सूचना वारंट जारी किया गया। मंडला तहसील के अंतर्गत महेन्द्र कुमार पिता हनुमान प्रसाद (बकाया राशि 162000) निवासी ग्राम कटरा एवं अनिरुद्ध पिता गोविंद (बकाया राशि 702000) निवासी ग्राम कटरा को 3 दिवस का समय दिया गया है, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार कुर्की एवं नीलामी की कार्यवाही किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रभारी कलेक्टर ने किया निर्माण कार्यों का अवलोकन

मण्डला। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने मंडला विकासखंड के ग्राम सेमरखापा में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत निर्माणाधीन सांस्कृतिक भवन एवं पीएम श्री स्कूल में लैब एवं अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में तकनीकि मापदंडों का उपयोग करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्तायुक्त सामग्रियों का उपयोग करें। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने कहा कि शेष निर्माण कार्यों में तेजी लाएं, कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान एसडीओ श्री आदित्य पांडे, उपयंत्री सहित संबंधित उपस्थित थे।

बीच सड़क पर रोककर पब्लिक को किया जा रहा परेशान

कागज की जांच के नाम पर अवैध वसूली

*** लोकल वाहन चालकों को बना रहे निशाना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नैनपुर थाना अपराधों को बढ़ावा देने के नाम से जाना पहचाना जाता है। यहां पदस्थ कांस्टेबल से लेकर एसआई तक दोपहिया वाहन और चौपहिया वाहन को रोककर कागजों की जांच करने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। सहायक निरीक्षक कच्ची झोपड़ी में खड़े होकर सिपाहियों को निर्देश दे रहे हैं कि सभी वाहनों के कागजों की जांच करें। जो कागज न दिखाये उससे चालानी कार्यवाही के नाम पर वसूली करें। ये नजारा रविवार को नैनपुर थाना से तीन किलोमीटर की दूरी में देखा गया जहां पुलिस गस्ती छोड़ बीच सड़क पर वाहनों की जांच कर रहे हैं और उन वाहनों की जांच कर रहे हैं जो लोकल है। नैनपुर थाना में पदस्थ अमले की इस करतूत ने पूर पुलिस महकमे को सवालों के घेरे में कर दिया है। जबकि जिले में सायबर सुरक्षा अभियान के तहत सेफ क्लीक के तहत वृहद् जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, लेकिन नैनपुर पुलिस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को छोडक़र अतिमहत्वपूर्ण अवैध वसूली का कर रहें हैं।

नैनपुर थाने में पदस्थ अमला वाहनों की जांच के नाम पर अवैध वसूली कर रही हैं। बीच सडक़ पर वाहनों को रोककर उनके दस्तावेज जांच करने के लिए मांगे जा रहे हैं। यदि विरोध करते हैं तो वर्दी का रोब झाड़ रहे हैं। नैनपुर पुलिस इन दिनों अपराधों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। नैनपुर नगर में चल रहे खुलेआम जुंए सट्टे के अड्डे नजर नहीं आ रहे हैं। बल्कि जो लोकल वाहन नैनपुर से वाहन और मण्डला से नैनपुर जाने वाले वाहनों को रोककर उनसे कागजी दस्तावेज जांच करने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। कुछ तस्वीरें और वीडियो भी हैं जो स्पष्ट बयां कर रहे हैं कि नैनपुर थाने में कौन पदस्थ पुलिस बल की कार्यवाही वाहनों की जांच तक सिमट गई है। जबकि नैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चल रहे अवैध कारोबार पर इनकी नजरें नहीं हैं। जब इस संबंध में क्षेत्र से जानकारी जुटाई तो पता चला कि जितने भी अवैध कारोबार नैनपुर थाना अंतर्गत संचालित हैं उसमें अमले की मौन स्वीकृति है।

नैनपुर में जोरों से चल रहा जुंआ और सट्टा

अभी हाल ही में नैनपुर थानांतर्गत जानकारी प्रकाश में आई थी कि लंबे समय से बंद सट्टे का कारोबार फिर से चालू हो गया। अब सवाल ये उठता है कि बंद सट्टे का कारोबार पुनः चालू हुआ है तो निश्चित इसमें संबंधित थाना क्षेत्र में पदस्थ अमले की सहमति से हुआ है। वहीं नैनपुर में जुंआ फड़ फिर से संचालित हो गया है। जबकि इसके पहले 19 जुलाई 2023 को नैनपुर में जुंआ फड़ पर दबिश दी गई थी जहां 84 जुंआरी पकड़े गये थे। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर यह कार्यवाही की गई थी। जिसमें नैनपुर थाना प्रभारी सहितह चार लोग निलंबित किये गये थे। शायद अब फिर से ऐसे भ्रष्ट और अभद्र व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों के ऊपर कार्यवाही की आवश्यकता है तभी नैनपुर थाने की छबि सुधर पायेगी। वर्तमान पदस्थ अमला वरिष्ठ अधिकारियों की छबि खराब कर रहा है। जिस तरह नैनपुर नगर में जनचर्चा है कि क्षेत्र में जुंए सट्टे का कारोबार बड़ी तेजी से बढ़ रहा है जिससे पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। एक तरफ पुलिस सेफ क्लीक कार्यक्रम आयोजित कर सायबर क्राईम को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है, वहीं नैनपुर पुलिस इस अभियान को छोडक़र बीच सडक़ पर खड़े होकर वाहनों की जांच के नाम पर अवैध वसूली कर रही है।

बढ़ा क्षेत्र में गांजा का व्यापार

गत माह पहले एसडीओपी ने दो व्यक्तियों के साथ गांजे की खेप पकड़ी थी तब कुछ समय के लिये क्षेत्र में गांजे का व्यापार जैसे पूर्णरूप से समाप्त हो गया हो, लेकिन फिर से वहीं शिकायतें सामने आने लगी कि जुंआ सट्टा के अलावा गांजे का व्यापार फिर से बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि नैनपुर थाने में पदस्थ अमला खुद नहीं चाहता कि क्षेत्रमें अवैध कारोबार बंद हों क्योंकि सरकार जो वेतन दे रही है उससे उनकी भरपाई नहीं हो पा रही है। यही कारण है कि अवैध कारोबार को बढ़ावा देने में पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त कमाई का जरिया भी बढ़ गया है। सिर्फ कागजी कोरम पूरा करने के लिए छोटे मोटे अपराधों पर कार्यवाही की जा रही है, लेकिन बड़े अपराधों पर अंकुश लगाने में नैनपुर पुलिस न कामयाब है। जिस थाने में कांस्टेबल से लेकर प्रीभारी तक भ्रष्ट हो वहां अपराधा का ग्राफ बढना लाजमी है।

दिखावे की है पुलिस विभाग की देशभक्ति और जनसेवा

देखा जा रहा है कि जिले में पदस्थ थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों ने आम आदमियों को परेशान करने के लिए ही बने हैं। पुलिस विभाग की देशभक्ति और जन सेवा दिखावे की है। समय-समय पर पुलिस आमजनता को जागरूकता का पाठ पढ़ाती है, लेकिन खुद पढक़र भूल जाती है। जिले में अनेक पुलिस कर्मी सडक़ पर आसानी से देखे जा सकते हैं न उनके पास हेल्मेट रहता है और न ही सील्टबेल्ट लगाये रहते हैं। आमजनता का कहना है कि पुलिस स्वयं नियमों का पालन करती है तो निश्चित उन्हें देखकर आमजनता भी नियमों का पालन अवश्य करेंगी। पुलिस विभाग की देशभक्ति और जनसेवा दिखावे की नहीं होनी चाहिए। जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए बना पुलिस विभाग जनता को परेशान करेगा तो काहे की देशभक्ति और जनसेवा है।

इनका कहना:-

वाहनों की जांच अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए की जा रही है यदि किसी भी वाहन चालक को पुलिस अनावश्यक परेशान करती है तो निश्चित उसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों को करें।

-अमित वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला मण्डला

हमारे क्षेत्र में जुंए सट्टे एवं गांजे के व्यापार की शिकायत अभी सामने नहीं आई है आपने मामला संज्ञान में लाया है दिखवा लेता हूँ।

-बलदेव सिंह मुजाल्दा, थाना प्रभारी, थाना नैनपुर जिला मण्डला

153 लीटर अंग्रेजी, देशी शराब व पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 09.02.2025 को सुबह थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि सूरज ठाकुर निवासी बिंझिया थाना कोतवाली मंडला बिना नंबर के छोटा हाथी में काफी मात्रा में शराब कहीं से लेकर आने की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम मुखबीर के बताये स्थान पर सुचना की तस्दीक की गयी जहाँ सर्कस ग्राउंड में पुलिस टीम द्वारा वाहन की तलाशी ली गई। छोटे हाथी वाहन के डाले में 09 पेटी अंग्रेजी जिनियस, 05 पेटी देशी मदिरा प्लेन, 03 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 17 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 75 हजार रूपये एवं एक टाटा कम्पनी का छोटा हाथी बिना नम्बर का जिसकी अनुमानित कीमत 05 लाख का विधिवत जब्त कर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में टीम द्वारा की गयी जिसमें सहायक उप निरीक्षक भूनेश्वर वामनकर, प्रधान आरक्षक पूरन ईडपांचे, आरक्षक अमित गरयार, सुंदर भलावी, रमेश सिंगरौरे, रामचंद्र कुर्वेती, इसरार खान एवं संदीप परते शामिल रहें।

भारतीय जागृति मिशन का जिला स्तरीय कार्यालय का शुभारंभ

मण्डला। जिले के उपनगरीय महाराजपुर मंडला में प्रदेश सचिव सोमवती धुर्वे के नेतृत्व में भारतीय जागृति मिशन का जिला स्तरीय कार्यालय का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू भलावी और राज कुमारी मर्सकोले के कर कमलों से फीता काट कर एवं पूजा पाठ कर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कार्यालय शुभारंभ कर संविधान के धनी बाबा साहब अंबेडकर की तैल चित्र पर तिलक वंदन व पुष्प हार चढाकर एवं कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों का तिलक वंदन व पुष्प हारों से स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ की गई जिसमें जनपद पंचायत मंडला अध्यक्ष सोनू भलावी ने भारतीय जागृति मिशन के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए बताया कि यह मिशन सभी वर्गों के लोगों के लिए हितैषी के रूप में कार्य करने में अपना अहम भूमिका निभायेगा, वही उन्होंने कहा कि हर वर्गों के लोगों को ऐसे कई प्रकार के परेशानियाँ का सामना करना पडता है उसके लिए यह भारतीय जागृति मिशन तैयार है।

संयुक्त आयोजन में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 9 फरवरी 2025 को जेडीएसएसएस बिंझिया, ग्राम पंचायत सिलपुरा और कटरा अस्पताल मण्डला के संयुक्त आयोजन में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन सिलपुरा में आयोजित किया गया। जांच शिविर में कटरा अस्पताल के नर्स दल, मेडिसिन विभाग और तीन अलग अलग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कर बच्चों, महिलाओ और बुजर्ग मरीजों को जरूरी दवाइयों का वितरण किया गया। निःशुल्क जांच शिविर में 7 गांवों के 345 लोगों ने निशुल्क जांच का लाभ लिए और आवश्यक दवाइयां प्राप्त किये। ग्राम पंचायत के सरपंच श्री नरेश मार्को ने बताया कि JDSSS और कटरा अस्पताल का गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का यह पहल बहुत ही सराहनीय है। महिलाओं और बच्चों तथा बुजुर्गों के विभिन्न बीमारियों का उचित ईलाज और सभी को मुफ्त दवाइयां वितरण किया गया इसके लिए पंचायत की तरफ से संस्थाओं को साधुवाद। आज के जांच शिविर में जेडीएसएसएस संचालक फादर डोमनिक थॉमस और कटरा अस्पताल के संचालक फादर वर्गीस उपस्थित रहे।

बैठक | **आजीवन सहयोग निधि संग्रह कार्य निष्ठा व समर्पण के साथ पूर्ण करें-संपतिया उइके।**

अटल जी की स्मृतियों का होगा संग्रह

*** भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सतत संपर्क संवाद की परंपरा रही है। 11 फरवरी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को हम सभी समर्पण दिवस के रूप में मनाते हैं प्रतिवर्ष संगठन द्वारा वार्षिक आजीवन सहयोग निधि संग्रह का कार्य किया जाता है। जिले में आजीवन सहयोग निधि संग्रह कार्य हम सभी निष्ठा,समर्पण एवं अनुष्ठान के रूप में इस कार्य को निर्धारित तिथि में पूर्ण करना है। साथ ही अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति देने के लिए योजना तैयार की गयी है इस अवसर पर उन्होंने दिल्ली चुनाव की प्रचण्ड जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी हमेशा जीत का परचम लहराती है। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि 10 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा के कार्यक्रम शैक्षणिक संस्थाओं में किये जाने हैं केंद्र सरकार का बजट को लेकर एक सेमिनार एवं पत्रकार वार्ता 23 फरवरी को मन की बात का कार्यक्रम बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से किये जायें साथ ही अटल जन्म शताब्दी वर्ष पर मंडला जिले में अटल जी की स्मृतियों का संग्रह किया जाना है। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों के लिए जिले में टीम तैयार की गयी है। उन्होंने का कि आजीवन सहयोग निधि जैसे प्रभावी कार्य को एक समय सीमा में सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ पूर्ण किया जाना है। बैठक को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, पूर्व जिलाध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, रतन ठाकुर ने संबोधित किया। जिले की आयोजित बैठक उपरांत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद मनोहर तांबे की पत्नी स्वर्गीय श्रीमती आशा देवी को श्रद्धांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

छात्राओं सिखाये जा रहे है आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर की शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला मे इन दिनों छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण मे छात्राओं को प्रशिक्षक अमर मेहरा द्वारा लाठी चलाने सहित जुडो, कराटे के आलवा अन्य प्रकार की अनेक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता हैं। बताया जाता है कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन मे उक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। शाला के प्रधान पाठक रजनीश गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण को देने का उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु तैयार करना हैं। प्रशिक्षण शिक्षक कमलेश कोरी, सपना बसेडिया, मंजूलता नेमा, कृष्णा चौहान, वंदना दुबे के सतत निर्देशन मे दिया जाता हैं।

पंचायतों के विकास कार्यों के नाम शासन को लग रहा चूना

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। जिस प्रकार से सरकार द्वारा गांवों की सूरत बदलने के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू करके इसकी सफलता के लगातार प्रयास तो किये जा रहे है, मगर पंचायतों का विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित होते हुए दिखाई देने के साथ उनका कार्यकाल समाप्ति की ओर पहुंचते हुये दिखाई देने लगा है? जब ग्रामीण अंचलों की की ओर रूख किया जाता हो तो पंचायती राज के विकास कार्यो को पोल अपने आप की खुलते हुए दिखाई देने लगती है? क्योंकि पंचातयों में हुये विकास कार्य उसी सरपंच के कार्यकाल को पूरा नही हो पाने के पहले ही अपने गुणवत्ता की सच्चाई बताते हुए टूटते हुए दिखाई देने से नही चूक रहा है? यदि पंचायतों में शासन द्वारा विकास के नाम पर खर्च की जाने वाली राशि की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायत जहां धन राशि के आभाव से जूझ रही है तो अनेक पंचायत इस प्रकार की भी देखी जा रहा है जिनमें में प्रभावशाली वरिष्ठ अधिकारियों की कृपा दृष्टि होने के चलते उन पंचायतों को अनाप शनाप राशि आवंटित हो जाती है और पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा उस राशि से जिस प्रकार का विकास किया जाता है उस विकास कार्य की उम्र सिर्फ पत्थरों में नाम लिखे जाने तक ही बनी हुई दिखाई देते हुए देखी जा रही है? इतना रही नही जिन पंचायतों को मनमानी धनराशि प्राप्त हो जाती है है उनके अधिकांश पंचायत जनप्रतिनिधियों ने ग्राम के समग्र विकास में रूचि न लेते हुए केवल अपने परिजनों, नजदीकी नाते रिश्तेदारों को उपकृत करने का ही काम किया जिसके चलते पंचायत का विकास कम और पंचायत प्रतिनिधियों का विकास होते हुए ज्यादा दिखाई दे रहा है, इस प्रकार की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचातयों द्वारा जिस प्रकार से पूर्व के समय में तालाब सड़के आदि बनवाने कार्य किया गया है उन कार्यो में सिर्फ शासन की राशि बर्बाद होने के नजारे ही दिखाई पड़ रहे है? क्योंकि अनेक पंचायतों द्वारा ऐसी जगहों पर तालाब खुदवाये गये है जहाँ गर्मी तो ठीक बरसात में भी पानी नहीं रूकता क्योंकि यह स्थल ऊँचाई वाले क्षेत्र में हैं, वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि राजीव गाँधी जलग्रहण योजना के तहत जल का स्तर ऊँचा उठाने में भी कुछ इसी प्रकार की सच्चाई देखने मिलने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस प्रकार के विकास कार्यो को पास करते हुए पंचायतों को ओके रिर्पोट पेश करना जहां अधिकारियों की कार्य शैली पर प्रश्न वाचक चिन्ह लगाते हुए जान पड़ रहा है?

श्रीमति जायसवाल का निधन

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। स्थानीय नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष स्व.राधे श्याम जायसवाल की धर्मपत्नि तथा श्याम टाकीज के संचालक संदीप व रतनदीप/राजदीप की माताश्री श्रीमति कांतादेवी जायसवाल का बीते हुये दिवस निधन हो गया। इस तरह नगर के प्रतिष्ठ परिवार में आई इस शोक की घड़ी को लेकर जहां सभी वर्ग के लोगों ने शोक प्रकट करते हुये परिवार को दुख सहन करने की संदेवनाये व्यक्त की गई। वही दूसरी ओर स्व.श्रीमति कांतादेवी जायसवाल का अंतिम संस्कार में नगर के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

खुलेआम हो रहा है मूक पशुओं पर अत्याचार, स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ प्रशासन भी बना हुआ है अनजान, निर्धारित मात्रा से अधिक बोझ लादते हुये डंडों की मार झेल रहे पशुओं की प्रताड़ना पर जिम्मेदारों की चुप्पी पर खड़े हो रहे सवाल...?

हरिभूमि न्यूज/कौडिया।

अक्सर देखा जाता है कि मूक पशुओं की सेवाओं को लेकर जहां आये दिन स्वयं सेवी सस्थाओं द्वारा उनकी सेवाएं करने के साथ साथ बेहाल पड़े पाये जाने वाले पशुओं की जिन्दगी बचाने के प्रयास करने में पीछे नही रहती है। वही दूसरी ओर प्रशासन द्वारा भी मूक पशुओं के साथ अत्याचार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जब क्षेत्र के पशु बाजारों से लोगों द्वारा इन मूक पशुओं को जबरन वाहनों में भरकर कूरूरता पूर्वक ले जाया जाता है तो पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा जाता है जिसकी लोगों द्वारा काफी सराहना की जाती है। मगर सबाल यहां पैदा होने से नही चूक पाता है जब क्षेत्र में दूसरे प्रांतों से आये हुये लोगों द्वारा क्षेत्र की शुगर मिलों में खुलेआम मूक पशुओं पर निर्धारित मात्रा से भी अधिक बोझ डालते हुये उन्हें डंडों से पीटते के साथ मूक पशुओं को कूरूरता पूर्वक व्यवहार करते हुये देखा जा रहा है तो फिर प्रशासन इस सच्चाई को क्यों नजर अंदाज करने लगता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र में खुलेआम देखने मिल रही है। बताया जाता है कि दूसरे प्रांत से आये हुये लोगों द्वारा इस समय क्षेत्र में संचालित होने वाली शुगर मिलों के लिये गन्ना ढुलाई का कार्य जिस प्रकार से बैलगाड़ी से किया जा रहा है उन लोगों द्वारा खुलेआम पशुओं पर निर्धारित मात्रा से भी अधिक बोझ डालते हुये जिस तरह डंडों से पीटा जा रहा है उससे निश्चित ही इस दृश्य को देखने वालों की आंखों में आंसू आने से नही चूक पाते है? यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो इस समय क्षेत्र की अनेक शुगर मिलों में दूसरे प्रांतों से गन्ना ढोने के लिये बैलगाड़ी लेकर आये हुये लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये किसानों के खेतों में पहुंचकर गन्ने की कटाई करने के बाद उन्हें बैल गाड़ियों के माध्यम से शुगर मिलो तक पहुंचाने के लिये जिस तरह से निर्धारित मात्रा से भी कई गुना गन्ना भरने के बाद जब उन्हें ले जाया जाता है कि इन गाड़ियों में निभे हुये बैलों की स्थिति इस प्रकार से होती है कि वह अधिक भार के चलते सांस लेने की बात तो दूर सीधे तौर पर चल तक नही पाते है। इस स्थिति में जिस प्रकार से गाड़ी मालिको द्वारा इन मूक पशु यानि की बैलों में डंडों की बौछार की जाती है उस सच्चाई को देखते हुये निश्चित ही आमलोगो की आंखे नम होने से नही चूक पाती है। क्योंकि इन गाड़ियों में भरे जाने वाले भार की स्थिति यहां तक देखने मिलती है कि जब गन्ने से भरी हुई गाड़ी को बैल खीचने में सफल नही होते है तो उस गाड़ी को ट्रेक्टर से टोचन करते हुये खिचने से भी नही चूकते है। इस स्थिति को देखकर यह अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि बैलों को क्या पीड़ा झेलने के लिये मजबूर होना पड़ता होगा। वही गौर किया जावे तो यह सच्चाई शायद किसी से छिपी नही होगी। मगर इसके बाद भी जहा प्रशासन इस सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये देखा जा रहा तो दूसरी ओर पशु प्रेमी संस्थाओं की चुप्पी भी समझ से परे जान पड़ने से नही चूक पा रही है? जिसके चलते इस प्रकार से पशुओं पर कूरूरता करने वालों के हौसले बुलंद होते हुये दिखाई दे रहे है। इतना ही नही क्षेत्र में अनेक जगहों पर तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि गन्ना से भरी हुई इन गाड़ियों में जहां मनमाने तौर पर गन्ना तो भरा ही जाता है साथ ही गन्ने से लदी हुई उसी गाड़ी पर दो दो तीन तीन लोग बैठते हुये सबारी करते हुये भी आसानी से देखे जा सकते है? इस तरह निर्धारित मात्रा से अधिक भरे हुये गन्ने के बाद गन्ने की गाड़ी के ऊपर बैठे हुये लोगों का भार और अधिक बढ़ जाने के बाद जब उस गाड़ी में बैलों को नेह कर जोता जाता है कि इन बेजुबान मूक पशुओं की मानों आफत ही आ जाती है? वही दिन भर जोतने के बाद इन मूक पशुओं के मालिकों द्वारा इस समय पड़ रही ठंड में रात के समय जहां उन्हें खुले मैदान में बांधते हुए खाने के नाम पर मात्र गन्ना की कटाई के दौरान निकालने वाले कट्टउआ ही दिये जाते है जो बेचारे बेजुबान भूख की तड़प के चलते चुपचाप खाने के लिए मजबूर होकर दूसरे दिन फिर अपने मालिकों की कमाई के लिए तैयार होकर भारी भरकम गाड़ियों को जोतने के लिये खड़े दिखाई देने लगते है। मगर इस ओर न तो समाज सेवी संस्थाओं द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही शासन प्रशासन द्वारा जिसके चलते क्षेत्र में मूक पशुओं पर चल रही अत्याचार की लीला के नजरे जहां तहां दिखाई पड़ रहे है। इतना ही नही यदि इस समय खेतों में चल रही गन्ना कटाई के दौरान नजर दौड़ाई जावे तो बाहर से आये हुए लोगों के साथ वह मासूम नाबांलिग बच्चे भी गन्ना के खेतों में नजर आ रहे है जिनकी उम्र खेतों में काम करने की न होने के बाद भी उन्हें खेतों नियम के विपरित काम कराया जा रहा है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां सरकार द्वारा बच्चों की पढ़ाई हेतु अनेक प्रकार के अभियान चलाते हुए स्कूल पहुंचाने की बात की जा रही है जिसके चलते शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिये करोड़ो रूपया खर्च करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। मगर इस समय न तो वह अधिकारी नजर आ रहे है कि जो इन बच्चों के भविष्य की चिंता हेतु प्रति माह हजारों रूपया की सेलरी प्राप्त करते हुए एयर कन्डीशन गाड़यों में घूमते हुए देखे जाते है और न ही वह पुलिस प्रशासन के अधिकारी नजर आ रहे है जो मूक पशुओं पर हो रहे अत्याचार पर कोई कार्यवाही कर सके? जिसके चलते इस समय क्षेत्र की अनेक शुगर मिलों में खुलेआम मूक पशुओं पर अत्याचार के साथ साथ मासूम नाबांलिगों का शोषण होने से नही चूक रहा है? जबकि देखा जावे तो क्षेत्र की संचालित होने वाली शुगर मिलों में इस प्रकार के संचालक शामिल है जो आये दिन समाज सेवा के नाम पर शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की सेवा करने की दुहाई देते हुए मासूमों का भविष्य संभारने की बात करने के साथ साथ मूक पशुओं के प्रति अपनी हमदर्दी जताने से नही चूकते है, मगर इस समय जिस तरह से क्षेत्र की शुगर मिलों में मूक पशुओं पर हो रहे अत्याचार के दौरान उनकी चुप्पी सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रही है।



कोठिया नर्मदा तट पर चल रही श्रीराम मानस यज्ञ में उमड रही भीड़, हरिकृपा कृपा के बगैर मानव जीवन अधूरा ही रहता है- सुश्री किशोरी

हरिभूमि न्यूज/सड्डूमर। पुण्य सलिला माँ नर्मदा के पावन तट ग्राम कोठिया घाट मे माँ नर्मदा जयंती के अवसर पर प्रारंभ हुए 27 वे 27 कुण्डीय श्रीराम मानस यज्ञ मे प्रतिदिन बड़ी संख्या मे श्रद्धालु पहुँचकर धर्मलाभ ले रहे हैं । वही दूसरी ओर यज्ञ मे प्रतिदिन सुबह 8 से 2 बजे तक हवन पूजन आदि कार्यक्रम श्रद्धालुओं किये जा रहे है। वही दूसरी ओर यज्ञ के साथ ही 18 पुराणों का वैदिक पूजन एवं विप्र जनों द्वारा निरंतर पाठ के आयोजन चल रही है। बताया जाता है कि यज्ञ मे प्रतिदिन साध्वी दीपेश्वरी रामायणी एवं सुश्री किशोरी के प्रवचन सुनने के लिये लोगों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। इसी प्रकार से बीते हुये रविवार को साध्वी दीपेश्वरी रामायणी ने प्रवचन के दौरान कहा कि दक्ष प्रजापति की सभी पुत्रियां गुणवती थीं।फिर भी दक्ष के मन में संतोष नहीं था। क्योंकि वे चाहते थे उनके घर में एक ऐसी पुत्री का जन्म हो, जो सर्व शक्ति संपन्न हो एवंसर्व विजयिनी हो। अतः दक्ष एक ऐसी ही पुत्री के लिए तप करने लगे। तप करते-करते अधिक समय निकल गया तो भगवती आद्या ने प्रगट होकर कहा, 'मैं तुम्हारे तप से प्रसन्न हूं..., तुम किस कारण तप कर रहे हो तो दक्ष ने तप करने का कारण बताया तब मां बोली मैं स्वयं पुत्री रूप में तुम्हारे यहां जन्म धारण करूंगी। मेरा नाम होगा सती। इस तरह यज्ञ मे सुश्री किशोरी ने प्रवचन मे कहा कि हरिकृपा एवं जीवन मे अच्छे कर्मों से सफलता मिलती हैं। यदि यह मानव जीवन हरिकृपा से विमुख रहा तो अधूरा ही माना जावेगा। क्योंकि जिस व्यक्ति पर प्रभु की कृपा हो जाये वह हमेशा उन्नति करता हैं। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रभु की भक्ति से ही उनकी कृपा मिलती हैं । ज्ञात हो कि 12 फरवरी पूर्णिमा के मौके पर यज्ञ का समापन होने के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया जावेगा।

अतिक्रमण हटाने में नाकाम साबित हो रहा प्रशासन, सरकारी जमीन पर प्रभावशालियों द्वारा अपने टप जमाने के साथ किराये से चलाते हुये गरीबों से वसूल रहे पैसा

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

वर्तमान में शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र पलोटन गंज, राठी तिराहे, शासकीय शालाओं के इर्द गिर्द शुक्रवार बाजार, मंदिरो, मस्जिदो के सामने पसरे अतिक्रमण से जहां शहर को सौन्दर्यीकरण खतरे में पड़ गया है। वही शहर में चौतरफा हुए अतिक्रमण से राहगीरो, वाहन चालकों का सड़को से गुजरना दूभर होता जा रहा है। गौरतलब है कि नगर में इस समय नजूल, नपा.लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनी बेश कीमती भूमि की परवाह न करने से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलन्द हो गए है, जिसके चलते सड़कों के किनारो, चौराहो के नजदीक शासकीय भूमि का दुरूपयोग करते हुए अतिक्रमणकारी ठेले रख रहे है। इस तरह की सच्चाई को मिडिया द्वारा उजागर किया जाता है तो लोग यह बात कहने से नही चूकते है कि गरीब लोग अपने ठेला जमाते हुये रोजीरोटी चला रहे है..? मगर यह सच्चाई एकदम विपरित देखने मिल रही है। क्योंकि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले गरीब नही है। उन्हें तो यहां पर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिये इन अतिक्रमणकारियों को किराया भरने मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि शासकीय भूमि पर प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा जमाते हुये स्थापित किये गये टपरों व ठेलों को किराये से देते हुये गरीबों से हर माह हजारों की राशि बसूली जा रही है। यह सच्चाई नगर की पानी टंकी से लेकर शासकीय चिकित्सालय मार्ग सहित अन्य जगहों पर देखी जा सकती है..? जहां पर खाली पडी सरकारी भूमि पर प्रभावशालियों द्वारा कब्जा करते हुये अपने ठेले स्थापित कर किय तरह गरीबों का शोषण किया जा रहा है। मगर हैरत की बात यह है कि यह प्रभावशालियों को सत्ता से जुडे हुये लोगों का इस तरह संरक्षण मिल रहा है कि अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करने के नाम पर ठंड में पसीना आते हुये देखा जाता है..? इस तरह सड़को के किनारे फैले हुये अतिक्रमण के आलवा अन्य दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर में जहां तहां खाली पड़ी शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है? जिससे नगर का स्वरूप बिगाड़नें का प्रयास कर रहे है, इस बेजा हो रहे अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था तो चौपट हो ही रही है साथ ही शहर में जहां तहां जाम लगने, दुर्घटनाएँ होने के अंदेशा सदा बना रहता है। विदित हो कि शहर के प्रमुख बाजार में जहां अनेक व्यापारी आधी सड़क पर कब्जा जमा अपनी दुकानो का सामान प्रदार्शित करते है तथा झंडाचौक पर मनमर्जी से दुकानें लगाने से शाम के समय सड़को से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह शैक्षणिक संस्थाओं के इर्द गिर्द अतिक्रमणो की बाढ़ आने से शालाओं में पहुँचने वाले बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञातव्य है कि बैंकों, सब्जी बाजार, अनेक शासकीय कार्यालयो में वैसे भी पार्किंग व्यवस्था का अभाव है तो दूसरी ऊपर से नगर में अतिक्रमण की अमरबेल फैलती चले जाने से विकसित हो रहे नगर की ट्रेफिक व्यवस्था पंगु होती जा रही है। शहरवासियो का कहना है कि शहर में धड़ल्ले से चहुँओंर अतिक्रमण होने से गाडरवारा की पहचान मुश्किल भरे शहर के रूप में बनती जा रही है और बेतरतीब बसाहट, ठेले, ठिलियो का जाल फैलने से नगर की सुंदरता को ग्रहण लगने लगा है, बेबाक लहजे में कुछ लोगो का कहना है कि वास्तव में अतिक्रमण फैलाने की बीमारी राजनीतिक पहुँच वाले असरदारों की देन है? इसलिए जब भी प्रशासन कोई अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करता है वे उसके सुर में सुर मिलाकर अपना अतिक्रमण हटाने की बजाय शासकीय भूमि पर टपारिया बनाकर रहने वालो व चाय पान का ठेला लगा अपनी जीविका चलाने वाले नौजवानो का बालि का बकरा बना देते है। इन लग्जरी रंगी बिरंगी कार मेनो की इस तिकडम का नतीजा है कि नगर अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रहा है और शहर में खुलेपन का माहौल नही बन पा रहा है, प्रशासन, नपा. से शहर के निवासियो ने गुहार लगायी है कि वह शहर को अतिक्रमण के जंजाल से मुक्त करने की दिशा में पहल करें।

गन्ने के खेत में पाई गई लाश की छोटू जाटव लिलवानी के रूप में हुई पहचान, पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये लिया जांच में

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

समीपस्थ पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नरवारा बिचुआ गांव के पास एक गन्ने के खेत में युवक की लाश पाये जाने के कारण सनसनी का महौल निर्मित हो गया था। वही जिस हाल में लाश पाई गई थी उसका लेकर क्षेत्र में अनेक प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म होते हुये भी देखा जा रहा था। वही दूसरी ओर घटना पर पहुंची हुई पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र में गुम हुई लोगों की जानकारी एकत्र करना शुरू किया गया तो पता चला कि बीते हुये 1 फरवरी को ग्राम लिलवानी निवासी गोविंद जाटव द्वारा अपने पुत्र छोटू उम्र लगभग 24 साल जो विक्षिप्त होने के साथ मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था उसके गुम होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी के चलते पलोहा पुलिस द्वारा जब छोटू जाटव के परिजनों को बुलाते हुये मृतक के कपड़ो की पहचान कराई गई तो मृतक के शव की पहचान छोटू पिता गोविंद जाटव निवासी लिलवानी के रूप में की गई। इस तरह गन्ना के खेत में पाई गई लाश की पहचान होने के उपरांत पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस संबंध में पलोहा थाना प्रभारी एस आई विजय पाल से चर्चा की गई तो उन्होंने अपनी जानकारी में बताया कि छोटू पिता गोविंद जाटव उम्र 24 साल के परिजनों द्वारा बीते हुये 1 फरवरी को पुलिस थाने में अपने बेटा के गुम होने की शिकायत दर्ज कराते हुये बताया था कि वह अपने घर से बगैर बताये बीते हुये 29 जनवरी से गायब है तथा विक्षिप्त होने के साथ साथ मिर्गी की बीमारी से पीड़ित है जिसकी जहां तहां खोज किये जाने के बाद कही नही मिला। वही पुलिस को बीते हुये दिवस सूचना मिली की ग्राम नरवारा बिचुआ के पास गन्ना खेत में लाश पाये जाने की सूचना मिली तो हमने मौके पर पहुंचकर देखा की गन्ने के खेत में किसी युवक की लाश पड़ी हुई है तथा लाश पूर्णरूप से सड व गल जाने से अनुमान लग रहा था कि लाश को यहां पर पड़े एक सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है। इस स्थिति में गुम इंसान कायम होने पर जब छोटू जाटव लिलवानी के परिजनों को मौके पर बुलाकर उसके कपड़े दिखाये गये तो उनके द्वारा पहुचान करते हुये मृतक को अपना गुम हुआ बेटा ही बताया गया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये शव का पोस्ट मार्टम उपरांत लाश को परिजनों को सौप दिया गया है। वही अनुमान लग रहा है कि मिर्गी आने के कारण खेत में गिर गया होगा और उसकी मौत हो गई होगी..?

जंगल क्षेत्र के बड़ागांव पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी सहित तहसीलदार ने किया कपड़ा सहित अन्य सामग्री का वितरण

हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा। भले की सरकार द्वारा अनेक योजनाये चलाते हुये अंतिम छोर पर बैठे हुये व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का भरोसा दिलाया जा रहा है। मगर इसके बाद भी क्षेत्र के कुछ इस तरह के गांव है जहां पर आम लोगों की पहुंच के दूर होने के चलते यहां पर निवास करने वाले लोगों शासन की योजनाओं का लाभ मिलने की बात तो दूर उनसे अनविज्ञ नजर आने से नही चूक रहे है..? कुछ इसी तरह के गांवों का क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी सहित तहसीलदार द्वारा भ्रमण करते हुये ग्रामीणों को जरूरी सामग्री का वितरण किया गया है। इस संबंध में बताया जाता है कि विगत दिवस ग्राम पंचायत मोहपानी के ग्राम बड़ागांव एकीकृत शासकीय हाई स्कूल बड़ागाँव में अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे तथा तहसीलदार प्रियंका नेताम एवं अन्य अधिकारियों दौरा किया गया। इस इस दौरान एसडीएम द्वारा ग्राम के अंतर्गत समस्त आने बाले भारिया जनजाति के लोगो को कपड़े, कम्बल, साड़ियां, चप्पल के आलवा छात्र छात्राओं को कपड़े बिस्किट सहित प्रकार की सामग्री का वितरण किया गया। वही दूसरी ओर गाँव में पानी के स्रोत्र जिसमें मुख्य रूप से झरना कुओ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आदेश दिये गये। वही स्कूली छात्र छात्राओं से संवाद करने के बाद भोजन भी किया गया। इस मौके पर देवराज गुर्जर जमाड़ा, जीतलाल बिरनवार लक्ष्मी प्रसाद विश्वर्माद्ध के आलवा राजू भारिया, पटवारी कमलेश पटेल, सचिब सत्यनारायण कौरव, वन विभाग से छत्रपाल सिंह, ब्रजेश रिछारिया, हार्षित मेहरा, सतीश झारिया, जयदीप मेहरा, कलीराम भारिया सहित अन्य लोग मौजूद थें।

बच्चों में संस्कार का होना बहुत जरूरी - रामस्वरूपाचार्य

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुआरिया में चल रहे लोक कल्याण मंडल के तत्वाधान में 44 वे श्री विष्णु महायज्ञ में जहां प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमडते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर संतों की अमृतवाणी से धर्म की गंगा बहते हुये देखी जा रही है। इसी प्रकार से बीते हुये कामदगिरी के पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य ने अपने प्रवचन के दौरान बड़ा ही सुंदर प्रसंग सुनाते हुये कहा कि आज के समय में बच्चों में संस्कार की कमी देखने मिल रही है। यदि हमने अपने बच्चों को पैसा रूपया खर्च करते हुये बड़े स्तर पर पहुंचा तो दिया गया है। मगर यदि उसमें संस्कार नही है तो वह कुछ काम का नही रहता है। क्योंकि देखा जा रहा है कि इस डिजीटल युग में आजकल के बच्चे पश्चिम की सभ्यता की ओर अग्रसर होते हुये देखे जा रहे है जो संस्कारों से विमुख होने का मुख्य कारण है। क्योंकि जिस प्रकार सूर्य पूर्व से उदय होता है, ठीक उसी प्रकार सूर्य पश्चिम में अस्त होता है, पश्चिम में सूर्य का प्रकाश कम हो जाता है। ठीक उसी प्रकार पश्चिम सभ्यता से इन बच्चों के जीवन में अंधकार जाते हुये देखाई दे रहा है। भले ही आपके पास धन दौलत पर्याप्त है मगर कभी भी पश्चिम की ओर जाते हुये सूरज के हाथ कोई नही जोड़ता है। इसलिये जरूर है कि हमारे बच्चों में संस्कार डालते हुये ऊगते हुये सूरज की भांति बनाने में हम सफल हो गये तो बडी सफलता मानी जा सकती है। जिन बच्चों को अपने बूढ़े मां बाप की सेवा करना चाहिय तथा अपने सनातन संस्कृति से हमेशा जुड़े रहना चाहिए। मगर वह इससे दूर भागते चले जा रहे है। जो माता पिता अपने बच्चों को जन्म देने के साथ साथ उनकी पढ़ाई लिखाई से लेकर योग्य बनाने में जिन्दगी समाप्त कर देते है। मगर जब उन माँ बाप का बुढापा आता है तो उस समय घर में अकेले होते है। यदि बच्चों में संस्कार रहता है तो कभी भी हमारे धर्म में बच्चें अपने बूढ़े माँ बाप को वृद्व अवस्था में अकेला छोड़ की सोच ही नही सकता है..। इस तरह श्रीविष्णु यज्ञ में प्रतिदिन भारी मात्रा में लोगों का हुजूम उमडते हुये देखा जा रहा है।

खबर संक्षेप

ब्लैक स्पॉट तुलरा चौराहा पर करन पठार पुलिस ने बनवाए अस्थाई ब्रेकर

अनूपपुर। नेशनल हाईवे 543 से डिंडोरी और बेनीबारी से आकर मिलने वाले मार्गो के कारण निर्मित तुलरा चौराहा जिस पर पिछले तीन वर्षों में पांच गंभीर एक्सीडेंट हुए, जिसमें पांच लोगों की मृत्यु एक्सीडेंट में हो चुकी है इसके अतिरिक्त प्रतिदिन वाहन टकराने की घटनाएं घटित होने से स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस अधीक्षक से ब्रेकर बनवाने की मांग की गई थी, जिस पर तत्काल संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी करन पठर को इस संबंध मानक स्तर के ब्रेकर बनवाए जाने हेतु निर्देशित किया। जिस थाना प्रभारी पी सी कोल द्वारा तुलरा चौराहा से मिलने वाले स्थित चारों रोड पर अस्थाई ब्रेकर बनवाए गए हैं। ब्रेकर में सफेद मार्किंग एवं रोड स्टड लगाने की कार्यवाही भी जल्द की जाएगी, ताकि रात्रि के समय ब्रेकर की स्पष्ट दृश्यता रहे।

उपद्रव मचा रहे चार युवकों को किया गया गिरफ्तार

कटनी। किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में उपद्रव मचा रहे चार युवकों पर माधवनगर पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस के अनुसार अमीरगंज, बंगला लाईन, कुम्हार मोहल्ला, इन्द्रा ज्योति कालोनी में आम रास्ते पर उपद्रव कर रहे चार लड़को पर कार्यवाही करते हुए मौके से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी अनुसार अमीरगंज में राजेन्द्र चौधरी 42 साल निवासी अमीरगंज व बंगला लाईन के पास साहिल वंशकार 20 साल निवासी बंगला लाईन व सुधीर चौधरी 50 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड व कुम्हार मोहल्ला में बिक्रम चौबे 18 साल निवासी कुम्हार मोहल्ला को आम लोगो के साथ गाली गुफ्तार कर उपद्रव कर रहे थे जिसकी सूचना थाना प्रभारी उनि रूपेन्द्र राजपूत को प्राप्त हुई। पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। मौके पर पुलिस ने पाया कि राजेन्द्र चौधरी, साहिल वंशकार, सुधीर चौधरी, बिक्रम चौबे उपद्रव कर रहे थे जो संज्ञेय अपराध घटित करने की अंदेशा पर पुलिस के समझाने पर नही समझने पर पुलिस ने तत्परता से चारो लड़को को खण्ड 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर लिया।

पत्नि पर बका से हमला करने वाला पति पहुँचा जेल

कटनी। खुद की पत्नि पर बका से हमला करने वाले आरोपी पति के खिलाफ उमरियापान पुलिस ने कार्रवाई किया है। आरोपी को न्यायालय से जेल भेजा गया। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने कहा बताया कि ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत मुरवारी निवासी नंदनी बर्मन गुरुवार शाम उमरियापान न्यू बस स्टैंड पर खड़ी थी।महिला पर चरित्र संदेह को लेकर उसके पति धनंजय बर्मन ने गालियां देते हुए धारदार लोहे के बके से हमला कर दिया। जिस पर महिला के शरीर में चोट पहुँची। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक आशीष मेहरा, अजय सिंह, अजय तिवारी, आरक्षक नीलेश पटेल, जगन्नाथ सिंह, मनोज कुम्हरे, मोहन मुवेल की भूमिका रही।

चाका बायपास में 2 घंटे तक लगा लंबा जाम

कटनी। राष्ट्रीय राजमार्ग में चाका बायपास क्षेत्र में करीब 2 घंटे तक जाम चलने से वाहन चालकों एवं यात्रियों को परेशान होना पड़ा। जाम लगने की सूचना मिलने पर कुठला पुलिस एवं यातायात का अमला मौके पर पहुंचा। यातायात थाना प्रभारी राहुल पाण्डेय ने बताया कि मैहर रीवा रोड की और जाने वाले मार्ग कटनी जबलपुर चाका बाईपास मार्ग पर वाहनो का कुम्भ जाने और वापस लौट रहे यात्रियों के वाहनो का काफी लम्बा जाम लगा हुआ था। सूचना मिलने पर यातायात एवं पुलिस बल द्वारा जाम को खुलवाया गया। कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा व यातायात प्रभारी राहुल पांडे व कंट्रोल रूम से सुदेश कुमार, जुहला चौकी वर्तमान प्रभारी शशिभूषण दुबे ट्रैफिक व थाना पुलिस बल के द्वारा कुम्भ जाने वाले यात्रियों की मदद की गई। जब तक मैहर सतना हाइवे मार्ग की ओर वाहनो को आगे बढ़ाने सूचना मिलते ही वाहनो को आगे जाने दिया गया।

टाइगर स्ट्राइक फोर्स की सर्चिंग के दौरान

भारी मात्रा में मिला गांजे का जखीरा, कार्यवाही जारी

टाइगर स्ट्राइक फोर्स, एसटीएफ जबलपुर, सहित वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई जारी दर्जनों कीमती मोटरसाइकल समेत प्रेशर बम, चाकू सहित अन्य शिकार के उपकरण जप्त जमीन से 700 किलो गांजा बरामद, मुख्य आरोपी फरार, 4 नाबालिग संदिग्ध गिरफ्तार

डिंडौरी न्यूज।

जिले में नशे का काला कारोबार दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, बात चाहे अवैध शराब की हो या गांजे की... शातिर अपराधी गांव गांव नेटवर्क बनाकर दबे पांव समाज को बर्बाद करते हुए करोड़ों का व्यापार का कारोबार कर रहे हैं। तमाम तरह के नशीली वस्तुएँ गांव से लेकर शहर तक आसानी से उपलब्ध होने के चलते युवा वर्ग सहित छोटे छोटे बच्चे नशे की गिरफ्त में आकर भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।वहीं अवैध कारोबार पर शिंकजा कसने वाले पुलिस महकमा का खुफिया तंत्र इतना कमजोर है कि दर्जनों क्विंटल गांजे का कारोबार इधर से उधर होने के बाद भी इन्हें खबर नहीं लगती और तस्करों का कारोबार धड़ल्ले से चलता रहता है, ऐसा ही मामला शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत उजागर होने के बाद पुलिस महकमें की भूमिका पर सवाल उठाए जा रहे हैं, गांजे की जखीरा बरामद होने के बाद पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह द्वारा थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम के विरुद्ध आनन फानन में निलंबन की कार्रवाई की गई है।

दरअसल शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर द्वारा वन्यजीवों से जुड़े अपराधों में वांटेड आरोपी की सर्चिंग के दौरान पड़रिया गांव के ददरा टोला में भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है , सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन्य जीव से जुड़े अपराधो की सूचना पर टीएसएफ द्वारा शहपुरा थाना से लगभग 7 किलोमीटर पड़रिया के दादराटोला में दबिश दी गई थी, इसी दौरान घर के समीप खुदाई की गई जमीन को खुरचने पर गांजे का पैकट निकलना शुरू हो गया था, गांजा तस्करी का मामला सामने आने के बाद आसपास के क्षेत्र में पुलिस भी खोजबीन शुरू कर दी है, गांजा तस्करी और वन्यजीवों से जुड़े अपराधों को टाइगर स्ट्राइक फोर्स के दबिश के बाद दिनभर दादरा टोला गांव में अफरा तफरी का माहौल रहा है, वही देर रात तक जेसीबी मशीन से संदिग्ध स्थानों में खनन कर खोजबीन सहित कार्रवाई जारी रहा है।

दर्जनों कीमती मोटरसाइकल समेत शिकारी हथियार जप्त

बताया गया कि पड़रिया गांव के ददरा टोला में वन्य जीव से जुड़े अपराध में वांटेड आरोपी को गिरफ्तार करने टाइगर स्ट्राइक फोर्स की टीम सुबह सुबह आरोपी के घर पर दबिश देते हुए पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन आरोपी नहीं मिला, इसी दौरान घर के आसपास खुदाई के नए निशान पर संदेह के आधार पर सर्चिंग की गई तो जमीन से भारी मात्रा में गांजे का जखीरा मिला, जिसकी सूचना एसटीएफ जबलपुर सहित पुलिस महकमें को दी गई, टाइगर स्ट्राइक फोर्स,एसटीएफ सहित वन एवं पुलिस महकमें की संयुक्त कार्रवाई में संदिग्ध आरोपियों के घर से दर्जनों की संख्या में कीमती मोटरसाइकल सहित प्रेशर बम, चाकू , वन्य जीवों के शिकार में प्रयुक्त होने वाले हथियारो का जखीरा मिला है।

इनका कहना है

ददरा टोला गांव से टाइगर स्ट्राइक फोर्स के सर्चिंग के दौरान 700 किलो ग्राम बरामद हुआ है, लापरवाही सामने आने पर शहपुरा थाना प्रभारी को निलंबित किया गया है।

वाहिनी सिंह, एसपी डिंडौरी

अमरपुर में आयोजित जनशिविर में शामिल होकर शहपुरा विधायक ने हितग्राहियों को किया हितलाभ वितरण

न्यूज। अमरपुर में रविवार को आयोजित जन शिविर में हितग्राहियों से प्राप्त आवेदन के आधार पर विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से 11 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक निरंतर जनशिविर आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनो पर कार्यवाही कर अभियान के अग्रिम चरण में आवेदकों को हितलाभ वितरण करने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत मेहंदवानी की ग्राम पंचायत बहेरा, साम्भर,कमरा सोढ़ा,खेरदा में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए। उन्होंने हितलाभ वितरण के साथ ही अभियान के दौरान शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार किये। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंची है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लोगों के पक्के आवास का सपना पूरा हुआ है, अभी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे कार्य प्रारम्भ है,सभी का नाम सर्वे में शामिल कर पक्का आवास बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में आयोजित जनशिविरों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। आज आयोजित शिविर में अनिल साहू, कृष्ण कुमार मिश्रा, किशोर मार्को सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के राजस्व, पंचायत, महिला एवं बाल विकास,कृषि सहित अन्य विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

17 मवेशियों का अवैध परिवहन कर बूचड़खाना ले जाते हुए आरोपी गिरफ्तार, वाहन जप्त

आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं एमव्ही एक्ट के तहत मामला

डिंडौरी न्यूज।

पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशानुसार अवैध गतिविधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में दिनांक 8फ़रवरी की दरमियानी रात के दौरान चेक गस्त ड्यूटी सउनि राकेश यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर कि कुछ लोग लाल रंग के टाटा 06 चक्का वाहन में अवैध रूप से मवेशियों को भरकर वध करने के आशय से बूचडखाने लेकर जाने के उददेश्य से किसलपुरी से जबलपुर की ओर आ रहे है। सूचना पर गश्त मे लगे स्टाफ आर0 358 अवशीष, आर0 70 अवनीश, चालक आरक्षक मनोज कुंजाम मय शासकीय वाहन, चालक, विवेचना किट एवं कस्बा में मौके पर उप० मिले साक्षी को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर हमराह लेकर रवाना होकर किसपुरी मार्ग में ग्राम किसलपुरी में पहुँचने पर विजय मिश्रा के घर के सामने मण्डला मेन रोड पहुंचे ही थे कि विजय मिश्रा के घर के पास एक लाल रंग की 06 चक्का गाडी खडे मिलने तथा उसमें सामने दो व्यक्तियो के बैठे मिलने पर उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम मो० हसनैन कुरैशी पिता मूसा कुरैशी उम्र 33 साल निवासी म.न. 1548/1 जामा मस्जिद के पीछे असफाँक उल्ला खाँ वार्ड थाना हनुमानताल जिला जबलपुर तथा दूसरे ने अपना नाम गयासुद्दीन पिता अब्दुल समद उम्र 35 साल निवासी म.न. 1671, सईद फारूखी, असफाक उल्ला खाँ वार्ड थाना हनुमानताल जिला जबलपुर का होना बताया, जिनसे वाहन मे रखे सामान के संबंध में पूछताछ की गयी जो गोलमोल जबाब देने लगे, जो स्वयं हमराह स्टाफ एवं साक्षियो की सहायता से वाहन के डाला जो खाकी मटमैला रंग के तिरपाल से ढका हुआ था को समक्ष गवाहान तिरपाल खोलकर देखा गया, जो वाहन मे 08 भैस व 09 नग पडा कुल 17 नग मवेशी भैस क्रूरता पूर्वक ठूस ठूस कर भरे हुये थे, जिनके पैर एवं सिर रस्सी से बंधा हुआ था, वाहन के अंदर मवेशियो के खाने पीने एवं उठने बैठने का कोई इंतजाम नही था।वाहन में बैठे व्यक्तियो से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि मवेशियो को वध करने के लिये जबलपुर तरफ लेकर जा रहे थे।मवेशियों की क्रूरता पूर्वक परिवहन करने के संबंध मे वैध कागजात पेश करने हेतू धारा 94 बीएनएसएस का नोटिश तामील कर जानकारी चाही गई, जो कोई दस्तावेज ना होना बताने पर तथा वाहन टाटा माडल क्रै0 1215 सी आरएक्स क्रमांक एमएच 40 सीडी 5203 मे भैस पडा को अपर्याप्त जगह मे क्रूरता पूर्वक ठूस- ठूस कर लोड कर बिना चारा पानी के रस्सी से पैर, सिर बांधकर वध करने के उददेश्य से बूचडखाना परिवहन करना पाया गया जो उक्त तीनो आरोपीगण का जुर्म प्रथम दृष्टया अपराध धारा 11(1) (घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, एवं 66/192 ए एमव्ही एक्ट का पाये जाने से गवाह उपरोक्त एवं हमराही स्टाफ के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के दिनांक 09/02/25 के समय 04.50 बजे वाहन टाटा माडल क्रै) 1215 सी आरएक्स क्रमांक एमएच 40 सीडी 5203 कीमती करीब 18,00,000 रूपये एवं वाहन मे लोड 08 नग भैंस व 09 नग पडा जीवित कीमती करीब 8,50,000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर जप्तशुदा मवेशियों को डिण्डौरी कांजीहाउस में सुरक्षित रखवाया गया है। अपराध कायमी कर विवेचना कार्यवाही व आरोपियों से पूछताछ जारी है।

डीएमएफ की कार्यपालिका समिति एवं न्यास मण्डल की संयुक्त बैठक संपन्न

डिंडौरी न्यूज।

कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनिज प्रतिष्ठान की कार्यपालिका समिति एवं न्यास मण्डल की संयुक्त बैठक आयोजित की गयी, उक्त बैठक में शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे, डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम,सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह राजपूत,नगर परिषद अध्यक्ष डिंडोरी सुनीता सारस, नगर परिषद अध्यक्ष शहपुरा शालिनी अग्रवाल,वन मण्डल अधिकारी पुनीत सोनकर,सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्रीजी की घोषणाओं के साथ ही खनिज प्रतिष्ठान मद में प्राप्त राशि का उपयोग जिले के विकास कार्यो में करने के लिए समिति सदस्यों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई।शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने जिला अस्पताल में शव वाहन उपलब्धता,मुढ़की से शहडोल तक रोड, गाड़ासरई महाविद्यालय तक रोड, जल जीवन मिशन, स्कूल भवन निर्माण सहित अन्य मुद्दों पर अपने सुझाव रखें। डिंडोरी विधायक श्री ओमकार मरकाम ने समनापुर, मेहंदवानी महाविद्यालय तक सुलभ पहुंच मार्ग के संबंध में सुझाव दिए। जिले के विकास कार्यों एवं आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, भौतिक अवसंरचना, आदि के क्षेत्र में विभिन्न उपयोग खनिज प्रतिष्ठान मद से करने हेतु समिति द्वारा अनुमोदन किया गया तथा इसकी स्वीकृति शीघ्र प्राप्त करने के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने का निर्णय लिया,साथ ही पूर्व में प्रेषित प्रस्तावों में संशोधन करने और विभिन्न प्रस्तावों की स्वीकृति प्राप्त होने के संबंध में समीक्षा की गई।कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने तत्सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

शक्ति चेतना जनजागरण शिविर में 25000 लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

डिंडौरी न्यूज। भगवती मानव कल्याण संगठन और पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के तत्वावधान में 130 वें शक्ति चेतना जनजागरण शिविर में जबलपुर बायपास मैदान में दूसरे और अंतिम दिन डिंडोरी जिले का बायपास मैदान छोटा पड़ गया जब योगिराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज ने जनमानस को सारगर्भित, प्रेरणादायक, दैनिक जीवन-शैली पर लाखों लोगों के जन सैलाव को माता आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा के भक्ति, मां की साधना का ज्ञान एवं पुरूषार्थ के साथ आत्म शक्ति बढ़ाने हेतु जनमानस का मार्गदर्शन किया। रेवा के पावन तट पर हो रहे शिविर में नशामुक्त महाकुंभ बनाने को लेकर शंकराचार्य और अखाड़ा परिषद को चिंतन प्रदान किया की भगवान शंकर के नाम पर गांजा और चिलम चढ़ाना हमारे देवी देवताओं को बदनाम करने जैसा है इसलिए महाकुंभ जो प्रयागराज में हो रहा है एक महत्वपूर्ण निर्णय ले और महाकुंभ को नशामुक्त बनाने का प्रयास करे।धर्म, राष्ट्र और मानवता के उत्थान के लिए कार्य करने का मनुष्य को तीन कर्म बताया जिससे वह मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आना सुनिश्चित कर सके। गुरूदेव ने कहा कि मां से सहज, सरल और आसान किसी की आराधना नहीं है तथा मां से ज्यादा आपका कोई करीबी नहीं है जो आत्मा की जननी है। आपकी आत्मा, गुरु सत्ता और मूल सत्ता सब



एक है।

गुरूदीक्षा के क्रम में 25000 लोगों ने छोड़ा नशा - भगवती मानव कल्याण संगठन के संचालक शक्ति पुत्र जी महराज ने शक्ति पात के माध्यम से एक साथ 25000 लोगों को नशामुक्ति का संकल्प लिया तथा ये लोग भगवती मानव कल्याण संगठन में शामिल हुए।

भक्तों को दिलाए 11 संकल्प - शक्ति चेतना जन जागरण शिविर में श्री शक्ति पुत्र जी महराज ने अपने भक्तों को ग्यारह संकल्प कराए जिसमें नशा मांस से मुक्त चरित्रवान चेतनावान बनना, पर्यावरण की रक्षा, गौ रक्षा , और अन्य संकल्प दिलाया। और गुरुदेव श्री ने बात बोला कि गलत करने वालों का कभी साथ मत दो और गलत कभी भी मत करो चाहे इसके लिए सर भी कटाना पड़े। कथावाचक धर्मचारी बने धन कुबेर नहीं- योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज ने चिंतन की क्रम में देश में कथाओं के नाम पर लूटने वाले कथा वाचक जो कथा के नाम पर मोटी फीस लेकर के जगह-जगह कथा करते हैं उनको आड़े हाथों लिया और कहा की कथाएं घर-घर होनी चाहिए पर किसी भी धर्मगुरु या धर्म आचार्यों के द्वारा राशि लेकर के कथा करना या भागवत करना गलत है जिसका मैं हर मंचों से विरोध करता रहा हूं और करता रहूंगा कथा वाचक समाज को सत्य का ज्ञान कारण और समाज के सुख-दुख में भागीदार बने धर्म आचार्य बने ना कि समाज के लोगों के फीस लेकर समाज के लोगों के साथ धर्म के नाम पर छलावा ना करें तथा गीत संगीत के नाम पर नाच गाने करना धर्म कोई गलत दिशा में बढ़ाने का एक रूप है जिसे मुख्य रूप से विरोध किया जाएगा।

खबर संक्षेप

मौत को खुला आमंत्रण देता खुला गढ्ढा

गोटेगांव। करकबेल समीपस्थ ग्राम छींदामानी पहुंच मार्ग पर बनी पुलिया पर बनी सड़क की ऊपरी सतह एक भारी भरकम गढ्ढा बना चालकों के लिए कहीं मौत का कुंआ न जाये । भ्रष्टाचार और मिली भगत यह पर जगह-जगह पर गढ्ढे हो गये ।समय रहते अगर सड़क पर गढ्ढा पाटा नहीं गया तो निश्चित ही दुर्घटना होगी।जिसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के उच्च अधिकारियों से आने जाने वालों दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों ने शीध्र ध्यान देकर पुलिया पर निकले गढ्ढा भरने की कृपा करें।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद कोरी का गर्मजोशी से हुआ भव्य स्वागत

नरसिंहपुर। जिले के निष्पक्ष, निडर और पत्रकारिता के लिए समर्पित बालमुकुंद विनोद कोरी को सर्वसम्मति से मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा नरसिंहपुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिले की कोरी- तंतुवाय समाज समिति एवं युवा कार्यकारिणी ने सुभाष पार्क में गर्मजोशी से भव्य स्वागत करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। कोरी- तंतुवाय समाज समिति के पदाधिकारियों ने बारी- बारी से तिलक एवं.माल्यार्पण करते हुए मिठाई खिलाई। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष ओपी जमींदार, वरिष्ठ समाजसेवी सोमराज कोरी, जिला उपाध्यक्ष नवलकिशोर कोरी, युवा कार्यकारिणी उपाध्यक्ष डोरीलाल कोरी, सचिव हरप्रसाद कोरी, कोषाध्यक्ष अर्जुन कोरी, सहसचिव सुनील कोरी, जितेन्द्र कोरी, शिक्षक अनिल बुनकर, जमना प्रसाद बुनकर, शिक्षक धनीराम कोरी, रामप्रसाद कोरी, कुलदीप कोरी एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समग्र एप्लीकेशन पोर्टल 14 तक बंद

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। एमपीएसईडीसी द्वारा संचालित समग्र एप्लीकेशन पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लिकेशंस- समग्र पोर्टल, एसपीआर पोर्टल, बीपीएल पोर्टल, वेब सर्विस एपीआई को शीघ्र ही नये सर्वर इंफ्रा- एसडीसी 2.0 पर माइग्रेशन की प्रक्रिया की जा रही है। इस सर्वर इंफ्रा- एसडीसी 2.0 पर माइग्रेट करने से समग्र एप्लीकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार कर समग्र एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर से बेहतर सेवायें प्राप्त हो सकेंगी।
नये सर्वर सेटअप में बेहतर सुरक्षा, उन्नत इनक्रिप्शन स्टैंडर्ड्स एवं मजबूत फायरवॉल के माध्यम से बेहतर एप्लीकेशन एवं डाटा सुरक्षा प्रापत होगी। इसके लिए सर्वर माइग्रेशन का कार्य 7 आगामी 14 फरवरी की रात्रि 8 बजे तक किया जायेगा। इस अवधि में समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को पूर्णतरू बंद रखा गया है, किंतु समग्र एपीआई सेवायें यथावत चलती रहेंगी।

स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार नहीं ले रहे संज्ञान

मेडिकल वेस्टेज को आहार बना रहे पशु

प्रशासन की अनदेखी पड़ सकती है महंगी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सरकार द्वारा जिले मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे है लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण जिला चिकित्सालय की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जिला चिकित्सालय मे आए दिन लोगों शासन की सेवाओं के लिये परेशान होते नजर आते है जिसकी शिकायत लोगों द्वारा अनेकों बार की जा चुकी है उसके बाद भी व्यवस्थाओं में कोई व्यापक सुधार नही हो सका और ना ही जिम्मेदार कर्मचारियों की कार्य प्रणाली में कोई अंतर हुआ है ऐसी ही लापरवाही गत दिवस की सामने आई।

पशु आहार बन रहा मेडिकल वेस्टेज

सरकार द्वारा जिले के लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर अनेको प्रयास किये जा रहे है। अस्पताल को साफ स्वच्छ रखने के लिये निजी कंपनी को ठेका दिया। वही अस्पताल से निकलने वाले कचरे को सावधानी पूर्वक भंडारण व नष्ट किये जाने के लिए भी बेहतर प्रबंध किया गया है लेकिन जिम्मेदारों की मिलीभगत के कारण अस्पताल से निकलने वाले कचरे को एक स्थान पर डंप किया जा रहा है वही उसे सुरक्षित नहीं किया जा रहा है। अस्पताल परिषर मे घूमने वाले आवारा पशु मेडिकल वेस्टेज को अपना आहार बना रहे है जबकि शासन द्वारा अस्पताल मे पशुओं को प्रवेश रोकने तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिये सुरक्षा गार्ड तैनात किये गये है परन्तु उसका कोई लाभ लोगो को नही मिल रहा है।

फैल सकती है बीमारी

अस्पताल मे आने वाले मरीजों के उपयोग किये गये विविध प्रकार की समाग्री को सुरक्षित स्थान पर सावधानी पूर्वक डंप किया जाना है तथा उक्त मेडिकल वेस्टेज को आवारा पशु व लोगो को पहुंच से दूर रखने के लिये निर्देश भी दिये गय है परन्तु प्रशासन के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण सब खुले मे पड़ा हुआ है जिसे आवारा मवेशी खाते हुये नजर आ रहे है जिससे बीमारी और फैलने के आसर बढ़ रहे है।

उक्त समस्या जिला चिकित्साल मे लंबे समय से बनी हुई हे जिस ओर प्रशासन के जिम्मेदार तथा सफाई कंपनी के ठेकेदार द्वारा कोइ ध्यान नही दिया जा रहा है और ना ही कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। जबकि उक्त वेस्टेज को सुरक्षित रूप से नष्ट करने का कार्य संबंधित सफाई ठेकेदार का है।

ठोस कार्रवाई करे प्रशासन

जिला चिकित्सालय मे व्याप्त अनियमितता की जांच कर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे ऐसे गंभीर मामलों मे कर्मचारियों द्वारा लापरवाही ना बरती जाए। अस्पताल से निकलने वाले कचरे मे विविध प्रकार की हानिकारक सामग्रियां होती है जिन्हे खाने से पशुओं को भी गंभीर बीमारी तथा अनेकों प्रकार की परेशानी बन सकती है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों के कानों मे जूं तक नहीं रेंग रही है। जो कि गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। जिसे लेकर आये दिन जिला चिकित्सालय चर्चा मे बना रहता है।

असंख्य रुद्र महायज्ञ में उमड़ रहा भक्तों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्थानीय रेवा नगर कालोनी मे आयोजित रूद्र महायज्ञ, शिव पुराण कथा के पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। समापन 12 फरवरी को होगा। यज्ञ आचार्य योगेश शास्त्री व संयोजन में आहुतियां दी जा रही है। यज्ञ संयोजक आलोक महाराज ने बताया कि रुद्र महायज्ञ का फल तत्काल मिलता है। इसलिए साधकों की बीच इसकी मान्यता ज्यादा है। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, किसान नेता देवेन्द्र पाठक, महाविद्यालय के प्राचार्य ए के गर्ग, एड. मनीष नेमा, स्थानीय पार्षद अनुराधा रामदेव व बैंक मैनेजर जितेन्द्र तिवारी यज्ञ स्थल में पहुंचकर पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा भगवान शिव सर्वव्यापी सर्वज्ञ और प्रेम के प्रतीक हैं। महायज्ञ से न सिर्फ हिंदू धर्म की परंपरा को बल मिलता है बल्कि वातावरण भी शुद्ध होता है महायज्ञ के सफल आयोजन में वे हरसंभव सहयोग करेंगे साथ ही उन्होंने इस पुनीत कार्य में प्रत्येक लोगों को यथासंभव सहयोग करने की अपील की। रेवा नगर में नौ कुंडीय यज्ञ एवं कथा को सफल बनाने में समिति बनाकर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसे सफल बनाने में अभिषेक चैकसे, आशीष मिश्रा, मुकुल व्यास, राजा नेमा, अखिलेश दुबे, अनिकेश, अनुरुद्ध, अखिलेश सहित जुटे हुए हैं। यज्ञ में भाग लेने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में भक्तों का सैलाब पहुंच रहा हैं।

एक्सपायरी सामग्री विक्रय पर लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी ने मस्जिद कॉम्प्लेक्स कंदेली के कमल साधवानी आ. रामदास साधवानी फर्म जय श्री कृष्ण किराना एंड जनरल स्टोर द्वारा अवसान तिथि के पश्चात सामग्रियों का विक्रय करने पर उनके विरूद्ध 30 हजार रुपये शास्ति अधिरोपित की है। अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 (1), 26 (2) (व्ही) का उल्लंघन करने पर और इसी अधिनियम के तहत धारा 49 को दृष्टिगत रखते हुए अधिनियम की धारा 58 के तहत यह 30 हजार रुपये शास्ति अधिरोपित की है। उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता द्वारा 6 सितम्बर 2024 को मस्जिद कॉम्प्लेक्स के पास कंदेली नरसिंहपुर के जय श्री कृष्ण किराना एंड जनरल स्टोर का निरीक्षण किया व कार्यवाही के लिए नमूने लिये गये। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में विभिन्न प्रकार के फुड ऐडेटिव्स एवं विनेगर आदि का लेबिल निरीक्षण में अवसान तिथि एवं बेच नं. अंकित नहीं पाये गये। इस प्रकार अनावेदक द्वारा अवसान तिथि के पश्चात खाद्य पदार्थों का विक्रय किया जा रहा था। इस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने अनावेदक द्वारा अवसान तिथि के पश्चात खाद्य सामग्रियों का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का उल्लंघन करने पर शास्ति से दंडित किये जाने का प्रतिवेदन अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णय अधिकारी नरसिंहपुर के समक्ष प्रतिवेदन किया गया था। इस पर अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी ने यह आदेश जारी किया है।

अजाक्स संघ ने पदाधिकारियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस अजाक्स संघ द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में समस्त सामाजिक संगठनो एवं अजाक्स संघ के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब के चरणों में पुष्प अर्पण एवं नवनियुक्त जे एस धुर्वे प्रदेश संयुक्त सचिव अजाक्स संघ एवं रंजीत चौधरी संभागीय उपाध्यक्ष को जिला प्रभारी अजाक्स संघ नियुक्त होने पर स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर जगदीश किशन पुरी, धनीराम कोरी, घनश्याम जाटव, विजय पटले सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्कूल मे सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस पी एम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्राओं को सम्मान कर विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। उक्त अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्राओं का भी स्वागत किया गया तथा छात्राओं के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य श्रीमती नेमा द्वारा छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुये जीवन में सफलता के मंत्र दिये। उक्त अवसर पर सिमरन बैरागी को मिस एमएलबी चुनी गई। खेल के क्षेत्र में राज्य स्तरीय खिलाड़ी कुमारी नेहा पटेल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जी सोनी द्वारा तथा आभार श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर समस्त स्टाफ व छात्राएं मौजूद रही।

समाजसेवी जगदीश मानसाता का निधन, अंत्येष्टि आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, समाजसेवी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष, संकीर्तन समाज की संरक्षक जगदीश मानसाता का अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 फरवरी को निज निवास स्मृति भवन खमतरा से स्टेशन मुक्तिधाम जाएगी जहां पर अंतिम संस्कार किया जावेगा। आप सिद्धार्थ मानसाता के पिताश्री एवं दिलीप, किरीट, धर्मेंद्र भरत एवं दीपक मानसाता के भाई थे।

भाजपा ने दीप जलाकर मनाया जीत का जश्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की खुशी में जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक के नेतृत्व व पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष महंत पीतमपुरी गोस्वामी वरिष्ठ नेता डॉक्टर अनंत दुबे व भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिती में जिला मुख्यालय के सुभाष पार्क चैराहे पर 48 दिए जलाकर जीत की खुशी मनाई साथ ही आतिशबाजी एवं एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर कर भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जश्न मनाते हुए बधाई शुभकामनाए प्रेषित की इस अवसर पर भाजपा जनप्रतिनिधि पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा जनो की उपस्थित रही।

रुकमणी विवाह के अवसर पर हुये मंगल गान

तेंदूखेड़ा। इन दिनों समीपी ग्राम भौंरा में सिद्धेश्वरी देवी मंदिर परिसर में चल रहे शतचंडी महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास पं राधानंदन अनिरुद्ध महाराज के द्वारा कथा के छठवें दिन रुकमणी विवाह के अवसर पर बेटियों को दो कुलों की शान बताते हुए स्पष्ट किया कि आज के समय में पाश्चात्य संस्कृति का अनुशरण कर हम अपनी मर्यादाएं भूलते जा रहे हैं। पहनावा और हमारे संस्कारों में बदलाव आ जाने के कारण समाज में आज जो स्थिति देखनें को मिल रही है हमें इन व्यवस्थाओं को बदलना होगा। कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि युवा पीढ़ी को सही दिशा में लाने की जरूरत है। महिला जाति यदि थोड़ी सी भी भटक जायेगी तो सारा समाज भटक जायेगा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विस्तार से वर्णन करते हुए कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि पूर्व जन्मों के सत्कर्मों से ही हमें कथा श्रवण करने का अवसर मिल पाता है। कलयुग में श्रीमद्भागवत पुराण ही एक मात्र ऐसा साधन है जिससे मोक्ष संभव हो जाता है।कथा सुनने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु दूर दूर से उपस्थित हो रहें हैं। तथा यज्ञ नारायण भगवान के दर्शन कर परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।आज कथा विश्राम का अंतिम दिवस है एवं महायज्ञ की भी पूर्णाहुति विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी।

प्रथम समाधि दिवस पर पाठशाला के बच्चों ने किया वृक्षारोपण

तेंदूखेड़ा। जन जन के संत सभी की आस्था के आधार आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज विगत बर्ष माघ शुक्ल अष्टमी एवं नवमी की दरम्यानी रात्रि में छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ चंद्रगिरि तीर्थ पर सम्यक समाधि सल्लेखना की साधना करते हुये नश्वर देह का विसर्जन करते हुये इस मानव लोक से महाप्रयाण कर गये थे । सम्पूर्ण भारतबर्ष में उनके भक्तजन इस समय उनका प्रथम समाधि दिवस मनाकर अपने आस्था के आधार गुरुदेव को अपनी विनयांजलि श्रद्धांजलि समर्पित कर रहे हैं ।इसी क्रम में विगत दिवस श्री महावीर दिगंबर जैन पाठशाला तेंदूखेडा के बच्चों एवं शिक्षिकाओं समाज के गणमान्य जनों ने जैन मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया एवं सभी बच्चों ने उनका संरक्षण संवर्धन करने का संकल्प किया इस अवसर पर पाठशाला की शिक्षिकायें शैली जैन अनामिका जैन श्रीमती आकांक्षा चौधरी श्रीमती अमिता मोदी दिगंबर जैन परिषद जैन समाज श्री महावीर दिगंबर जैन पाठशाला मुनि सेवा समिति एवं पाठशाला के बच्चे, अभिभावक गण उपस्थित रहे।

नगर में कोलाहल प्रतिबंधात्मक आदेश का खुलेआम हो रहा उल्लंघन

गोटेगांव। क्षेत्र में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत जारी हुए प्रतिबंधात्म आदेश का खुला उल्लंघन हो रहा है। वर्तमान में नवमीं 11वीं सहित कॉलेज की कक्षाओं की परीक्षा चल रही है। वहीं जल्द ही बोर्ड परीक्षाएं भी आरंभ होने जा रही हैं। ऐसे में स्कूली बच्चे जोर-शोर से पढ़ाई करने में जुटे हुए हैं। स्कूलों में परीक्षाओं के साथ अन्य कक्षाओं की परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। शैक्षणिक गतिविधियां जोरों पर हैं। ऐसे में भी बच्चों को शोरगुल से निजात नहीं मिल पा रही है। रात को विवाह समारोहों के चलते देर तक डीजे, बैंड-बाजे, लाउड स्पीकर के शोर से परेशान होना पड़ता है। वहीं स्कूलों के पास वाहनों का शोर चरम पर रहता है।परीक्षा कार्यक्रम को देखते हुए बच्चों के हित में बीते दिनों कलेक्टर ने मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया था, लेकिन इसका पालन होते नहीं दिख रहा है। नगर के बीचोंबीच एवं आबादी के आसपास नगर के अधिकतर मैरिज हाल संचालित हैं। जिनमें जाने के लिए नगर के विभिन्न स्थानों से बारातें निकलती हैं। इस दौरान घंटों तक पटाखों के साथ डीजे का शोर सुना जा सकता है। जिसे देख लोग कहते रहे कि न तो डीजे बजाने वालों को कलेक्टर के आदेश की चिंता है और न ही आदेश का पालन

कराने के लिए कोई अधिकारी ध्यान दे रहा है।कलेक्टर के आदेश की स्थानीय प्रशासन को परवाह नहीं है, जबकि यहीं पास ही शासकीय टाउन स्कूल, कन्या उमा शाला एवं कन्या पूर्व माध्यमिक शाला संचालित होती है। इनमें बच्चों की पढ़ाई में शोर से जाहिर तौर पर व्यवधान पैदा होता है। बावजूद इसके कलेक्टर के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए बेखौफ होकर डीजे का शोरगुल चरम पर है। दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन स्कूली बच्चों की परेशानी से आंखें मूंदे हुए है। जिला दंडाधिकारी शीतला पटले ने स्कूल-कॉलेज की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तेज आवाज के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को प्रतिबंधित करने आदेश जारी किया था। आदेश में कहा गया कि कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउड स्पीकर, डेक, डीजे, बैंड-बाजा एवं अन्य का उपयोग किसी भी निजी, सार्वजनिक कार्यक्रमों में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं करेगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अत्यंत आवश्यक होने पर ही प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के 1/4 वॉल्यूम में ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि 10 डेसीबल से अनाधिक पर उपयोग की अनुमति देने के लिए एसडीएम को विहित प्राधिकारी नियुक्त किया गया था। इस आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 15 के अंतर्गत दंडात्मक कार्यवाही का उल्लेख है, लेकिन इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है। वर्तमान में स्कूल कॉलेज की परीक्षायें निकट हैं एवं तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में विघ्न उत्पन्न हो रहा है।